30 APRIL- CORIYA -BHOOMI-PG-1_Layout 1 4/30/2025 8:43 PM Page 1

तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 22 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 1 मई 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]



2 लालमाटी जंगल में लगी आग, झुलसे पेड़-पौधे

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर जनदर्शन में 29 आवेदन हुए प्राप्त

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के मार्गदर्शन पर अपर कलेक्टर अनिल कुमार सिदार ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याएं सुनी। जिले के ग्रामीणजन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को सीधे अपर कलेक्टर अनिल कुमार सिदार के समक्ष रखा गया। जिसका जिला प्रशासन द्वारा यथासंभव तेजी से निराकरण करने का प्रयास किया जा रहा है। अपर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में कुल 29 आवेदन प्राप्त हुए।

### अंजलि को जनदर्शन में मिला संबल

**बैकुण्ठपुर।** जिला मुख्यालय में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में एक मार्मिक दृश्य देखने को मिला, जब ग्राम फूलपुर की छात्रा अंजलि एक अपनी पढ़ाई से जुड़ी समस्या को लेकर कलेक्टर के समक्ष उपस्थित हुईं। छात्रा की बात को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने उसका आवेदन तत्काल संज्ञान में लिया और संबंधित शिक्षा अधिकारी को यथा संभव शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से भावुक हुई अंजलि ने कहा कि मैंने कल्पना भी नहीं की थी कि मेरी बात इतनी जल्दी सुनी जाएगी। अब मेरी पढ़ाई में कोई रुकावट नहीं आएगी। उन्होंने जिला प्रशासन का आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह समर्थन उनके लिए नई ऊर्जा और आत्मविश्वास लेकर आया है।

### सोनू को 7 दिन में मिला नया राशन कार्ड

**मनेन्द्रगढ़।** सुशासन तिहार 2025 पहल आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है। तीसरा चरण 5 मई से 31 मई के बीच समाधान शिविरों के आयोजन के रूप में होगा, जहां आम नागरिक सीधे अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से संवाद कर सकेंगे। इसका प्रभाव रांपा भरतपुर जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर निवासी सोनू के मामले में स्पष्ट रूप से देखा गया। सोनू ने 11 अप्रैल को नया राशन कार्ड बनवाने के लिए आवेदन किया था, जिसका निराकरण करते हुए 18 अप्रैल को उन्हें नया राशन कार्ड प्रदान किया गया।

### बाल विवाह रोकने निकाली गई जागरूकता रैली

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास परियोजना अनूपपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत, आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा विद्यालयों में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत एक भी बाल विवाह न हो सके, इसके लिए विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसमें बाल विवाह के रोकथाम के लिए जागरूकता रैली निकालने के साथ ही नारे लेखन का कार्य किया गया तथा शपथ भी ली गई। इसके माध्यम से ग्रामीणजन को बताया गया कि लड़के की उम्र 21 वर्ष व लड़की की उम्र 18 वर्ष पूर्ण होने के बाद ही विवाह करना चाहिए।

### कलेक्टर जनसुनवाई में 61 आवेदन हुए प्राप्त

**अनूपपुर।** कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में 29 को जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें कलेक्टर हर्षल पंचोली ने आम नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में 61 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री पंचोली ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का तय समय-सीमा में निराकरण किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र राहत मिल सके।

## बेहतर स्वास्थ्य एवं सुविधा विस्तार के लिए हम प्रतिबद्ध: श्यामबिहारी

# स्वास्थ्य सेवाओं में कोरिया की बड़ी उपलब्धि, मिला राज्यस्तरीय सम्मान



स्वास्थ्य मंत्री के हाथो सम्मानित होते अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए राष्टीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) और राष्टीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए चार विभिन्न श्रेणियों में राज्य स्तरीय सम्मान प्राप्त किया है।

यह सम्मान राजधानी रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय स्वास्थ्य सम्मान समारोह में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया एवं आयुक्त संचालक डॉ. प्रियंका शुक्ला की विशेष उपस्थिति रही। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि प्रदेश में बेहतर अधोसंरचना और सुविधा विस्तार के लिए सरकार प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने सभी डॉक्टरों और स्टॉफ से कहा कि मरीजों के बेहतर जांच, उपचार के लिए संकल्पबद्ध रहे। अस्पताल में आने वाले मरीजों व उनके परिजन के साथ आत्मीय व्यवहार रखें। विदित हो कि कोरिया जिले को राज्य टीबी स्कोर में उत्कृष्ट प्रदर्शन, 100 दिवसीय निश्चय निरामय अभियान में सफलता, टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान में सक्रिय भागीदारी और सर्वश्रेष्ठ टीबी यूनिट का उत्कृष्ट संचालन कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इसके साथ ही, राष्टीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत भी जिले के उत्कृष्ट प्रदर्शन को मान्यता दी गई। जिला स्वास्थ्य विभाग को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने जिले के स्वास्थ्य विभाग के पूरे टीम को बधाई देते हुए कहा कि जिला अस्पताल सहित सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में मरीजों के बेहतर जांच, इलाज और दवाई वितरण का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा साफ-सफाई नियमित होते रहें और समय पर स्टॉफ की उपस्थिति भी सुनिश्चित रहे, ताकि मरीजों को किसी भी तरह की परेशानियों का सामना करना न पड़े। डॉ. प्रशांत सिंह ने इस उपलब्धि का श्रेय कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन को देते हुए बताया कि जिले में संचालित सभी स्वास्थ्य कार्यक्रम उनके सतत निगरानी में प्रभावी रूप से संचालित हो रहे हैं। सम्मान समारोह में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. आयुष जायसवाल, डीपीएम अशरफ अंसारी सहित कोरिया जिले की स्वास्थ्य टीम को मंच पर आमंत्रित कर सम्मानित किया गया।

### एमसीबी को क्षय उन्मूलन कार्यक्रम में मिला पहला स्थान

**मनेन्द्रगढ़।** राजधानी रायपुर में बुधवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले को क्षय (टीबी) उन्मूलन कार्यक्रम में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही राष्टीय गुणवत्ता आश्वासन मानक में भी जिले के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. पुष्पेन्द्र सोनी और स्वास्थ्य विभाग की समर्पित टीम को सम्मानित किया। पुरस्कार समारोह के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने जिले की टीम की सराहना करते हुए कहा कि एमसीबी जिला स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है और यह पुरस्कार उनकी मेहनत और प्रतिबद्धता का प्रमाण है। कार्यक्रम में प्रदेशभर से स्वास्थ्य अधिकारी, डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ व विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे। जिले को यह सम्मान न केवल क्षय रोग नियंत्रण में किए गए समर्पित कार्यों के लिए मिला है, बल्कि अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए किए गए प्रयासों की भी सराहना की गई।



## प्रभावित हो रहा था योजना का उद्देश्य

# लापरवाही करने वाले 25 आवास मित्रों की गई सेवाएं





हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

एमसीबी जिले के जनपद पंचायत खड़गवां ,मनेन्द्रगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत नियुक्त आवास मित्रों की लापरवाही सामने आई है।

जिला पंचायत कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार इन आवास मित्रों को आबंटित ग्राम पंचायतों में कार्य में लापरवाही बरतने, प्रगति शून्य रहने, बैठकों में अनुपस्थित रहने और क्षेत्रीय दौरा नहीं करने के कारण सेवा से पृथक कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार खड़गवां जनपद पंचायत के तहत कार्यरत आवास मित्र गोल्डी दास, द्वारिका प्रसाद, कलावती, बलराम, विक्की काशी, गौरव शर्मा, आशीष कुमार, अजीत कुमार, अंजना, आदित्य मलिक, अनिल कुमार, विनय सिंह, विनय कुमार निराला, पूजा सिंह और जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ कार्यरत आवास मित्र कुमारी प्रिया सिंह, श्रीमती पूनम साहू, अभिषेक टोप्पो, अलविना एक्का, राम प्रसाद सिंह, कुमारी मायावती, प्रिया साहू, गीत, शोभन सिंह, नरेन्द्र कुमार एक्का, श्रीमती गीता केवट के कार्य से सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। इनके खिलाफ आरोप था कि ये अपने-अपने आबंटित ग्राम पंचायतों में निर्धारित दायित्वों का पालन नहीं कर रहे थे, जिससे प्रधानमंत्री आवास योजना के लक्षित उद्देश्यों की प्राप्ति प्रभावित हो रही थी।

■ मग्राम पंचायतों में निर्धारित दायित्वों का नहीं कर रहे थे पालन

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़, खड़गवां द्वारा भेजे गए प्रस्ताव के द्वारा इन आवास मित्रों को पद से पृथक करने का प्रस्तावित किया गया था एवं जनपद पंचायत भरतपुर-मनेन्द्रगढ़ के तहत आवास प्लस सर्वे में लापरवाही करने वाले प्रगणको आंगनबाड़ी कार्यकर्ता चंद्रावती मौर्य, पंचायत सचिव राकेश कुमार गोयल, रोजगार सहायक अरूण मिश्रा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती सकुंती बाई, रोजगार सहायक सुनील सिंह, रोजगार सहायक त्रिभूवन सिंह, डाटा एंट्री ऑपरेटर ललित, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शोभा पतवार, रोजगार सहायक शारदा कुमारी, पंचायत सचिव बबन सिंह, रोजगार सहायक जय सिंह को कारण बात नोटिस जारी किया गया।

## अभी भी कोरिया जिला ही है अंकित...





**बैकुण्ठपुर।** जिला कोरिया से विभाजित होकर एमसीबी जिला बने दो वर्ष से ज्यादा समय बीत गया, बावजूद जमीनी स्तर पर कोरिया का मोह नहीं छूट पा रहा है। एमसीबी जिला अंतर्गत सारसताल में सड़क किनारे लगे बोर्ड में बदलाव नहीं किया गया, जिसमें आज भी जिला कोरिया अंकित देखने को मिल जाएगा।

# अवैध शराब और गांजा के साथ दो गिरफ्तार

**बैकुण्ठपुर।** जिले की खड़गवां पुलिस ने थाना क्षेत्र में दो आरोपियों के पास अवैध शराब एवं गांजा जब्त कर उनके विरूद्ध अपराध दर्ज कर न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

पुलिस से मिलती जानकारी के अनुसार बीते 28 अप्रैल को मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने खड़गवां थाना क्षेत्र के ग्राम पैननारी मेन रोड जंगल के पास ग्राम पैनारी महादेवपाली निवासी प्रियांशु सिंह उम्र 23 वर्ष के कब्जे से 26 पाव अंग्रेजी शराब कीमत 3900 रूपए जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (1) (क), 42 आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की। इसी दिन एक दूसरे मामले में पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर मादक पदार्थ गांजा का बिक्री करने के उद्देश्य अवैध रूप से परिवहन कर रहे आरोपी थाना बैकुंठपुर क्षेत्र के ग्राम करीलधोवा निवासी सुरेश कुमार पिता रंग बहादुर उम्र 31 वर्ष को ग्राम अखराडॉड़ भुकभुकी तिराहा के पास घेराबंदी कर तलाशी ली गई तो बाइक में अवैध रूप से रखे 2 किलो 195 ग्राम गांजा कीमत 30 हजार रूपए जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाई कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। पुलिस की कार्रवाई में थाना प्रभारी खड़गवां विजय सिंह, सहायक उप निरीक्षक नईम खान, प्रधान आरक्षक हरीश शर्मा, आरक्षक अखिलेश जायसवाल, मो.आजाद, दिनेश साहू, सैनिक प्रमोद साहू आदि का योगदान रहा।



## घायल बंदर तड़पता रहा विभाग मूकदर्शक

**बैकुण्ठपुर।** शहर के हाईस्कूल परिसर में बुधवार को एक घायल बंदर घंटों तक तड़पता रहा, लेकिन वन विभाग की लापरवाही और संसाधनों की कमी के चलते उसका इलाज नहीं हो सका। कुत्तों के काटने से गंभीर रूप से घायल हुए इस बंदर की स्थिति चिंताजनक थी, लेकिन वन विभाग के पास उसे पकड़ने के लिए जरूरी कोई भी संसाधन मौजूद नहीं था। घटना की जानकारी मिलने पर गौ रक्षा वाहिनी के अध्यक्ष अनुराग दुबे, नगर पालिका की टीम और पशु चिकित्सालय के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और घायल बंदर को बचाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन उन्हें भी सफलता नहीं मिली। अध्यक्ष श्री दुबे ने बताया कि वन विभाग की टीम मौके पर तो पहुंची, लेकिन उनके पास न तो किसी तरह की पकड़ने वाली जाली थी और न ही कोई प्रशिक्षित कर्मचारी। उन्होंने कहा कि जब लाखों रूपए विभागीय बजट में आते हैं, तो फिर ऐसे आपात हालात से निपटने के लिए संसाधन क्यों नहीं हैं, अगर भविष्य में कोई जंगली जानवर शहर में प्रवेश करता है, तो क्या वन विभाग सिर्फ तमाशा देखता रहेगा।



■ संसाधनों के अभाव में नहीं बची जान

## शादी-पार्टियों के बाद अब कचरा छोड़े तो खैर नहीं

**डोमनहिल।** नगर पालिक निगम चिरमिरी द्वारा ओपन मैदानों में शादी और पार्टियों के बाद छोड़े गए कचरे को लेकर सख्त रुख अपनाया गया है। निगम आयुक्त के निर्देश पर स्वच्छता प्रभारी उमेश तिवारी ने विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी कि शादी-पार्टियों के उपरांत कार्यक्रम स्थल पर कचरा छोड़ देने से न केवल गंदगी फैलती है, बल्कि विभिन्न बीमारियों की संभावना भी बढ़ जाती है। इसके साथ ही बचे हुए खाद्य पदार्थों को जानवर खाने लगते हैं, जिससे कई बार उनकी मृत्यु तक हो जाती है। इस गंभीर समस्या को देखते हुए राज्य शासन द्वारा नगरीय ठोस अपशिष्ट प्रबंधन उपभोक्ता प्रभार अंतर्गत बारातघर, मैरिज हॉल एवं 3000 वर्गमीटर तक के खुले क्षेत्रों के लिए उपयोगकर्ता शुल्क (यूजर चार्ज) निर्धारित किया गया है। स्वच्छता प्रभारी ने स्पष्ट किया कि अब निर्धारित यूजर चार्ज जमा करने के उपरांत ही शादी व पार्टी जैसे आयोजन संभव होंगे। नियमों के उल्लंघन पर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की विभिन्न धाराओं के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी आयोजनकर्ता की होगी। नगर निगम ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे स्वच्छता नियमों का पालन करें और अपने आयोजन के पश्चात सफाई सुनिश्चित करें, ताकि शहर की स्वच्छता एवं स्वास्थ्य व्यवस्था बनी रह सके।

## 5 वीं-8 वीं की केन्द्रीकृत परीक्षा के परिणाम घोषित

# 4196 छात्र परीक्षा में बैठे थे, इनमें 4110 उत्तीर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले में कक्षा 5 वीं एवं 8 वीं की केन्द्रीकृत परीक्षा का परिणाम बुधवार को घोषित कर दिया गया।

परीक्षा का आयोजन लोक शिक्षण संचालनालय, रायपुर छग के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार परीक्षाएं आयोजित की गई थीं। परीक्षा परिणाम की घोषणा के साथ ही जिलेभर के विद्यालयों में उत्सव का माहौल रहा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय स्तर पर मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिससे उनका मनोबल और उत्साह बढ़ाया जा सके। जानकारी के मुताबिक कक्षा पांचवीं में कुल 4222 छात्र अध्ययनरत थे, जिसमें से 4196 छात्र परीक्षा में बैठे थे, इनमें से 4110 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, इस तरह 97.95 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा, वहीं कक्षा आठवीं में कुल 4217 छात्र अध्ययनरत थे, जिसमें से 4176 छात्र परीक्षा में बैठे थे, इनमें से 4051 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, इस तरह 97.01 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा। उल्लेखनीय है कि जिले में शैक्षिक गुणवत्ता में लगातार सुधार हो रहा है। छात्रों, शिक्षकों एवं अभिभावकों की इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षा को शासन की मंशा के अनुरूप पूरी पारदर्शिता और व्यवस्था के साथ संपन्न कराया गया।



# एम.कॉम छात्राओं ने किया मसाला उद्योग का शैक्षणिक भ्रमण

**बैकुण्ठपुर।** शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर की एम.कॉम द्वितीय सेमेस्टर की छात्राओं ने 26 अप्रैल को वंदना मसाला उद्योग मझगवां और वेजीटेबल कल्टीवेशन सेंटर केनापारा का शैक्षणिक भ्रमण किया।

यह भ्रमण महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.आरएन कच्छप के निर्देशन और वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. सुमित कुमार डे, सहायक प्राध्यापक मोहम्मद अमजद व रिचा चेलकर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। छात्राओं ने सर्वप्रथम मझगवां स्थित वंदना मसाला उद्योग का निरीक्षण किया, जो कि स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित हैं। उद्योग की संचालिका श्रीमती वंदना ने छात्राओं को मसाला निर्माण की प्रक्रिया की जानकारी दी, जिसमें धनिया, हल्दी और लाल मिर्च पाउडर का उत्पादन शामिल हैं। उन्होंने बताया कि यह उद्योग बैकुंठपुर, सूरजपुर, मनेन्द्रगढ़ और अंबिकापुर के बाजारों में थोक विक्रय कर रहा है, इससे लागत के मुकाबले डेढ़ से दो गुना मुनाफा हो रहा है। इस उद्योग में 11 सदस्य कार्यरत हैं, जिनकी मेहनत से उनका जीवन स्तर बेहतर हो रहा है। इसके बाद छात्राओं ने केनापारा स्थित वेजीटेबल कल्टीवेशन सेंटर का भ्रमण किया। केन्द्र के प्रमुख भरत कुमार राजवाड़े ने बताया कि यहां पीले रंग के तरबूज, जुकिनी और बैंगनी फूलगोभी जैसे नवीन किस्म के फल और सब्जियां आधुनिक तकनीकों से उगाई जाती हैं। उन्होंने बताया कि इन उत्पादों को सीधे बाजार में बेचकर दो से ढाई गुना लाभ अर्जित किया जा रहा है। भ्रमण में प्रियंका सिंह, मंशा देवी, चंद्रप्रभा, चंद्रवती और पूनम सहित 18 छात्राएं उपस्थित रहीं।



30 -april- Jash-Coriya-Bhoomi pg-2_Layout 1 4/30/2025 8:20 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### 5 वीं, 8 वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषणा में देरी से विद्यार्थियों में असमंजस

**बिश्रामपुर।** लंबे अंतराल के बाद इस शैक्षणिक सत्र में पुनः आरंभ की गई कक्षा 8 वीं और 5 वीं की सीजी बोर्ड परीक्षाएं छात्रों के भविष्य के लिए अहम साबित होनी थीं, लेकिन परिणाम जारी होने में हो रहे विलंब ने विद्यार्थियों और अभिभावकों को असमंजस में डाल दिया है। सीजी बोर्ड परीक्षा संपन्न हुए कई सप्ताह बीत चुके हैं, बावजूद इसके अब तक उत्तरपुस्तिकाओं की जांच का कार्य पूर्ण नहीं हो सका है। इससे न केवल छात्र-छात्राएं बल्कि शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधन में भी चिंता का माहौल बना हुआ है। स्थानीय शालाओं में अध्ययनरत सैकड़ों विद्यार्थियों ने उम्मीद जताई थी कि समय पर परिणाम जारी होंगे और उन्हें अगले शैक्षणिक सत्र में प्रवेश की प्रक्रिया सहज रूप से पूरी करने का अवसर मिलेगा, लेकिन अब स्थिति यह है कि परिणामों को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पा रही है। परिणामों की अनिश्चितता के चलते बच्चों का मनोबल प्रभावित हो रहा है और वे मानसिक तनाव का सामना कर रहे हैं। विद्यालयों के शिक्षकों का कहना है कि परिणामों के देर से आने से आगामी सत्र की तैयारी प्रभावित हो रही है। विद्यालयों को कक्षा निर्धारण, पुस्तकों की योजना जैसे कई कार्य परिणामों पर निर्भर होते हैं। यदि जल्द ही स्थिति स्पष्ट नहीं हुई, तो शैक्षणिक कार्यों में भारी अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। अभिभावक संघ के सदस्यों ने इस मामले में शिक्षा विभाग से शीघ्र हस्तक्षेप की मांग की है।अभिभावकों ने मांग की है कि शिक्षा विभाग इस स्थिति पर शीघ्र संज्ञान लेकर उत्तरपुस्तिकाओं की जांच प्रक्रिया को तत्काल पूर्ण करवाया जाना चाहिए।

### मृतका की हुई पहचान, बृजनगर जंगल में मिला था प्रेमी जोड़े का शव

**बिश्रामपुर।** ग्राम बृजनगर के जंगल में सोमवार की सुबह जंगल में प्रेमी युगल के शव एक साथ लटके मिलने मामले में युवती की शिनाख्त पुलिस ने कर ली है। लटोरी पुलिस ने बताया कि ग्राम बृजनगर निवासी 20 वर्षीय छोटू सिंह पिता बली सिंह गोंड द्वारा पांच दिन पूर्व अपनी प्रेमिका को घर में लाकर रखा हुआ था। इसके पश्चात दोनों प्रेमी युगल गत दिनों 26 अप्रैल को घर से पैदल ही निकले थे, जिनका शव सोमवार को घर से करीब दो किलोमीटर दूर घाघीकोन्हा जंगल में एक पेड़ में एक ही दुपट्टे में लटकता हुआ पाया गया था। मामले में मंगलवार को पुलिस ने युवती की शिनाख्त गांधीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम फतेहपुर निवासी 17 वर्षीय कमला राजवाड़े पिता रामचंद्र राजवाड़े के रूप में कर ली है। पुलिस द्वारा मामले में नाबालिग युवती के शव को परिजन के सुपुर्द कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

### नपं सीएमओ की रिपोर्ट पर इलेक्ट्रॉनिक्स दुकानदार के विरुद्ध अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** एनएच 43 के किनारे स्थित व्यवसाइयों व दूकानदारों द्वारा अपनी दुकान के सामने नाली व सड़क तक सामानों को बाहर रख आवागमन अवरुद्ध करने वालों के खिलाफ नायब तहसीलदार पिलखा मीना सिंह के नेतृत्व में नगर पंचायत सीएमओ सुनील सिन्हा और उनकी टीम कार्यवाही करने कुछ दिनों पूर्व मुख्य मार्ग पर निकली थी, उक्त कार्यवाही दौरान राजस्व अमले के साथ बत्तमीजी करने वाले इलेक्ट्रॉनिक्स दूकानदार के खिलाफ शिवनन्दनपुर सीएमओ की रिपोर्ट पर बिश्रामपुर पुलिस ने बीएनएस की धारा 221 के तहत अपराध दर्ज किया है। घटना गत 24 अप्रैल की बताई गई है।आरोप है कि प्रशासन की टीम जब दुकानदारों के खिलाफ अर्थदंड की कार्यवाही करते हुए नगर के मुख्य मार्ग स्थित स्वागत इलेक्ट्रॉनिक्स पहुंची तब दुकान का संचालक बजरंग अग्रवाल आत्मज सुभाष अग्रवाल द्वारा शासकीय कार्य मे बाधा पहुंचाते हुए राजस्व टीम के साथ अभद्र व्यवहार किया गया एवं कार्यवाही के दौरान सीएमओ शिवनन्दनपुर पर गलत तरीके से पैसे की मांग करने का आरोप लगाते कार्यवाही बाधित किया गया।प्रार्थी सीएमओ सुनील सिन्हा की रिपोर्ट पर बिश्रामपुर पुलिस ने आरोपी दुकानदार के खिलाफ लोक सेवक को सार्वजनिक कार्यो के निर्वहन में बाधा डालने भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 221 के तहत अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

### प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ दो गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** नशीला कफ सिरप तस्करी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से 30 नग कफ सिरप, बाइक और मोबाइल फोन जब्त किया है। बलरामपुर जिले के डिंडो चौकी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 28 अप्रैल को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि डिंडो निवासी सुनील कुमार भारी मात्रा में कफ सिरप लेकर बिक्री के लिए ला रहा है। सूचना के बाद पुलिस द्वारा डिन्डो कुलूडीह जाने वाली मेन रोड करबला के पास घेराबंदी की गई। इस दौरान पुलिस ने बाइक चालक को रोकने का प्रयास किया तो वह बाइक मोड़कर भागने लगा जिसके बाद पुलिस ने आरोपी बाइक क्रमांक सीजी 15 ईडी 3526 के चालक सुनील कुमार की बाइक की डिक्की से प्लास्टिक बोरा में रखा हुआ 30 नग प्रतिबंधित कफ सिर्फ बरामद किया।

## कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया गया काबू

# लालमाटी जंगल में लगी आग, झुलसे पेड़-पौधे



लालमाटी जंगल में लगी आग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

राष्ट्रीय राजमार्ग 43 से लगे लुण्ड्रा वन परिक्षेत्र के लालमाटी जंगल आग लगने से छोटे बड़े पौधे झुलस गए। हालांकि वन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। जिस तरह से जंगल में आग लगी थी उससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि आगजनी असामाजिक तत्वों द्वारा लगाई गई थी।

**खास बात**

- असामाजिक तत्वों द्वारा आग लगाने की आशंका

गर्मी के इस मौसम में जंगल में आग लगने की लगातार घटनाएं हो रही है। जिले में एक माह के भीतर ही एक दर्जन से अधिक आगजनी की घटनाएं हो चुकी है। जंगल में आग लगने के पीछे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में जागरूकता की कमी है।

गर्मी का मौसम आते ही जंगलों में आग लगना आम बात हो गई है जहां वन विभाग की टीम आग में काबू पाने विवश नजर आ रहा है। तेज हवा और सूखे लकड़ी व पत्ता के कारण जंगल में आग तुरंत फैल जा रही है। जंगल में आग लगने के कारण एक ओर जहां प्रकृति को नुकसान हो रहा है वहीं जंगली जानवरों को भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। वहीं गत दिन एनएच 43 से लगे लुण्ड्रा वन परिक्षेत्र लालमाटी जगह में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग जंगल में फैल गई। इधर जंगल में आग लगने की जानकारी लगते ही वन अमला मौके पर पहुंच कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

### महुआ बीनने लगाते है आग

ग्रामीणों में जागरूकता की कमी के कारण ही जंगल में आगजनी की घटनाएं होती है। गर्मी के दिनों में महुआ बीनने के लिए ग्रामीण पेड़ के नीचे सफाई करने के लिए आग लगा देते है। ऐसे में पेड़ के नीचे आग लगा देने से सूखे पत्ते तो जल जाते है लेकिन वहीं आग देखते ही देख जंगल के अन्य क्षेत्र में फैल जाती है।

### गौठान में लगी आग, बाल-बाल बची मवेशियों की जान

**मैनपाट।** गमी के इस मौसम में जंगलों में आग लगने की घटना जहा आम हो गई है। जिले के किसी न किसी जंगल या बांस प्लांटेशन में आगजनी की घटनाएं होती है। लोगों में जागरूकता की कमी से जंगल व प्लांटेंशन में आगजनी की घटनाएं होती है लेकिन जंगल से दूर गौठान में आग कैसे लग सकती है। यह समझ से परे है। बीती रात मैनपाट के आमगांव स्थित गौठान में आग लग गई। आग कैसे लगी यह स्पष्ट नहीं हो सका है। मैनपाट क्षेत्र के ग्राम आमगांव स्थित गौठान में गांव के बड़ी संख्या में किसान अपने मवेशियों छोड़ते है। साथ ही कुछ किसान गौठान में ही मवेशियों का बांध देते है। गौठान के मवेशी बांधने वाली झोपडी में अचानक आग लग गई। इधर आग लगने की जानकारी लगते ही गांव के लोगों ने तत्काल मवेशियों को किसी तरह खोल कर बाहर निकाल जिससे मवेशियों की जान बच गई लेकिन पानी की व्यवस्था नहीं होने के बावजूद ग्रामीणों ने जब तक आग बुझाई तक तक मवेशियों का कोठार जलकर खाक हो चुकी थी। ग्रामीणों का आरोप है कि गौठान में कोई असामाजिक तत्वों द्वारा ही आग लगाई गई है। गौठान में विद्युत कनेक्शन नहीं है जिससे शॉट सर्किट होने की संभावना भी नहीं है। बहरहाल गौठान में कैसे आग लगी यह स्पष्ट नहीं हो सका।





## किसान सम्मेलन में शामिल हुए कृषि मंत्री रामविचार नेताम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

नगर के वार्ड क्रमांक 7 रिंग रोड में मां कुदरगढ़ी एग्रो द्वारा बनवाए गए कोल्ड स्टोरेज शुभारंभ के अवसर पर विशाल किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन कृषि मंत्री राम विचार नेताम, नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल, बाबूलाल, कन्हैया लाल अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, संजय अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के उपस्थिति में आयोजित किया गया श्री नेताम ने कृषि विभाग एवं उद्यान विभाग द्वारा विभिन्न सामग्रियों का वितरण कृषकों को किया गया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कोल्ड स्टोरेज का खुलना किसानों के लिए वरदान से कम नहीं है।

इस अवसर पर श्री नेताम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कृषि को विशेष प्राथमिकता के क्रम में रखा गया है। किसानों के विभिन्न उत्पादों के भंडारण का उचित मूल्य मिले इसके लिए कोल्ड स्टोरेज बनाने के लिए विशेष छूट दी जाती है। किसान खुशहाल एवं समृद्ध हो इसके लिए लगातार प्रयास केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे हैं। सामाजिक विचारक एवं चिंतक बजरंग मुनि ने कहा कि 60 वर्ष पहले मैं रामानुजगंज नगर पालिका अध्यक्ष रहा था तब मैंने कृषि कार्य करने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष से इस्तीफा देकर कृषि कार्य की शुरुआत की थी। मेरे पूरे परिवार के सदस्य इस कार्य में लगे थे आज मुझे खुशी हो रही है कि जहां से मैं कृषि कार्य की शुरुआत की थी वही आज सैकड़ों किसानों के लिए कोल्ड स्टोरेज बनकर तैयार हो गया है जिसका लाभ लोगों को मिलेगा। नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि व्यापार बढ़ता है तो शहर भी बढ़ता है। निश्चित रूप से कोल्ड स्टोरेज का यहां खुलना क्षेत्र के किसानों के लिए काफी लाभदायक सिद्ध होगा। उन्होंने श्री नेताम द्वारा क्षेत्र के तरक्की एवं विकास कार्य करने के लगातार प्रयास करते रहने की सराहना की। कन्हैयालाल अग्रवाल ने कहा कि किसानों एवं व्यापारियों को सुविधा उपलब्ध हो सके इसके लिए कोल्ड स्टोरेज का निर्माण कराया गया है। इस दौरान बड़ी संख्या में व्यापारी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विद्युत विभाग के सीई, एसई ठेकेदार के खिलाफ जुर्म दर्ज

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्युशन कार्पोरेशन के तत्कालीन चीफ व सुप्रींटेंडेंट इंजीनियर और ठेकेदार के खिलाफ पुलिस ने अब धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। अधिकारीयों और तेहेकेदार ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कर्मचारियों के वेतन, ईपीएफ राशि का बन्दरबांट किया। ठेकेदार और अधिकारियों पर 1 करोड़ 82 लाख रूपए से अधिक के धोखाधड़ी का आरोप है।

बता दें कि आरटीआई कार्यकर्ता व अधिवक्ता डॉ. डीके सोनी द्वारा कोतवाली थाने में मेसर्स आरके एसोसिएट्स, मैट्रिक सर्विस एवं गुरुकृपा ग्रुप द्वारा वेतन से ईपीएफ बोनस एवं ईएसआईसी की राशि में गोलमाल करने तथा फर्जी बिल लगाकर करोड़ों रुपए की राशि निकालने के संबंध में कार्यपालन निदेशक जांच रिपोर्ट के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया एवं एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी। उन्होंने बताया कि मेसर्स आरके एसोसिएट्स, मैट्रिक्स सर्विस एवं गुरुकृपा ग्रुप के द्वारा वेतन से ईपीएफ बोनस एवं ईएसआईसी की कटौती प्रति माह की जाती है लेकिन उक्त कटौती का लाभ बाह्य स्त्रोत से कार्यरत कर्मचारियों को प्राप्त नहीं होता है। नियम एवं शर्तों को ध्यान में ना रखते हुए ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत 150 नग कंप्यूटर ऑपरेटर हेतु प्रस्तुत देयक माह अगस्त 2020, सितंबर 2020, अक्टूबर 2020, नवंबर 2020, दिसंबर 2020, जनवरी 2021, फरवरी 2021 के देयक में ईपीएफ चालान फर्जी तरीके से परिवर्तित कर संलग्न किया गया है अवधि के देयक के साथ संलग्न ईपीएफ के चालान को बगैर सत्यापित किए देयको को पारित किया गया। वास्तविक उपस्थिति पत्रक एवं ईपीएफ, ईएसआईसी के दस्तावेजों के बगैर सत्यापन के देयक पारित करने से फर्म को लगभग 1 करोड़ 82 लाख 86 हजार 907 रुपए का अधिक भुगतान होना दृष्टिगत हुआ है। उपरोक्त फर्जी भुगतान करने वाले अधिकारी एवं ठेकेदार की मिलीभगत साजिश है तथा कूटरचित दस्तावेजों को प्रस्तुत कर शासकीय राशि का सुनियोजित तरीके से किया गया है जो कि कार्यपालन निदेशक की जांच प्रतिवेदन से प्रमाणित है। थाना में एफआईआर दर्ज नहीं होने पर उन्होंने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और न्यायालय में परिवाद दायर किया था। मामले में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रकरण की सुनवाई में ने भी यह माना की प्रथम दृष्टया यह दर्शित हो रहा है की उपस्थिति पत्रक ईपीएफ और ईएसआईसी के दस्तावेजों का सत्यापन किए बगैर स्वीकृत राशि से अधिक राशि का भुगतान किया गया। ऐसे में डॉ. डी.के. सोनी की ओर से प्रस्तुत आवेदन 156(3) दप्रसं स्वीकृत करने के साथ ही मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने थाना अंबिकापुर को यह भी आदेशित किया था कि उक्त मामले में प्रारंभिक जांच कर अपराध दर्ज किया जाए। कोर्ट के निर्देश के बाद कोतवाली पुलिस ने छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कार्पोरेशन के तत्कालीन सीई डीएस भगत, एसई राजेश लकड़ा एवं ठेकेदार प्रभोजत सिंह भल्ला के विरुद्ध धारा 409, 419, 420, 468, 471 आईपीसी के तहत अपराध दर्ज किया है। मामले की जांच कोतवाली पुलिस द्वारा की जा रही है।

- 1.82 करोड़ रूपए के गबन का मामला, न्यायालय के निर्देश पर दर्ज हुई प्राथमिकी

# विक्षोभ की सक्रियता से चली धूल भरी आंधी, हुई बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मंगलवार को पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवाती परिसंचरण की सक्रियता से शहर सहित जिलेभर में बारिश और हल्की ओला वृष्टि हुई। इस दौरान 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं और धूल भरी आंधी चली। हालांकि इस दौरान सोमवार की तुलना में तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गई है लेकिन आने वाले दिनों में भी इसी तरह धूलभरी अंधड़ के साथ ही गरज चमक के साथ बारिश होने की संभावनाएं जताई जा रही है। वहीं बारिश व धूल भरी आंधी शुरू होने के साथ ही विद्युत सप्लाई भी बंद हो गई। इस दौरान बीच बीच में बिजली की आवाजाही जारी रही।

बता दें कि विगत तीन दिनों से पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवाती परिसंचरण की सक्रियता से आसमान में बादल छाए हुए है और जगह जगह ओलावृष्टि के साथ ही बारिश हो रही है। सोमवार को भी उदयपुर क्षेत्र में ओलावृष्टि के साथ ही बारिश हुई थी। वहीं मंगलवार को सुबह से ही आसमान में बादलों की आवाजाही बनी रही। इस दौरान दिन में तेज धूप रहा जबकि दोपहर बाद आसमान में बादल छाने से लोगों को राहत मिली। इस बीच शाम लगभग 5 बजे से अचानक ही आसमान में घने बादल छा गये और तेज हवाएं चली। शहर में कुछ देर तक 40 से 50 किमी की रफ्तार से हवाएं चली। धूल भरी आंधी के बाद अचानक ही बारिश और ओलावृष्टि शुरू हो गई। आसमान से चने के आकार के ओले गिरे। इस दौरान लगभग आधे घंटे तक बारिश हुई जिसके बाद लोगों को गर्मी से राहत मिली। इस दौराम मौसम विभाग द्वारा अधिकतम तापमान 35.8 व न्यूनतम 18.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि सोमवार को अधिकतम तापमान घटकर 32.2 और न्यूनतम तापमान 19.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। ऐसे में अधिकतम तापमान में मंगलवार को 3.6 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार राजस्थान से महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, विदर्भ से केरल तक द्रोणिका का प्रभाव है। इसके साथ ही आसाम, बांग्लादेश, राजस्थान में चक्रवाती परिसंचरण है। इसके साथ ही पछुआ विक्षोभ के साथ ही बीच बीच में दक्षिण पूर्वी भी हवा चली। पश्चिम से आ रही हवाओं के साथ नमी आने के कारण ही बादल बन रहे है और बारिश हो रही है। मौसम में हुए इस बदलाव को लेकर मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से अगले दो दिनों तक धूल भरी आंधी, गरज चमक के साथ बारिश होने होगी इसके साथ ही ओलावृष्टि की संभावना है।



बारिश से तरबतर सड़क।

### दो दिन से बदला मौसम का मिजाज



**प्रतापपुर।** क्षेत्र में लगातार दो दिन से मौसम का मिजाज बदल गया है। सुबह धूप निकलने तथा दोपहर बाद मौसम बदलने के साथ ही आंधी तूफान एवं बारिश हुई। मौसम में अचानक बदलाव होने के साथ ही तेज हवा तूफान चलने लगी जिससे फ्लेक्सी बोर्ड उड़ गए वहीं कई जगह पेड़ के डंगाल टूटकर गिर गए जिससे कई घंटे बिजली बाधित रही। क्षेत्र में हुई बारिश से बढ़ती गर्मी और उमस के बीच में आज मौसम में अचानक मौसम का मिजाज बदला और देर शाम तक तेज हवा तूफान के साथ बारिश होने लगी। बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

## ब्राह्मण समाज ने धूमधाम से मनाया परशुराम जन्मोत्सव, चौक बनाने सौंपा ज्ञापन

**सीतापुर।** अक्षय तृतीया के शुभ मुहूर्त में ब्राम्हण समाज द्वारा बड़े धूमधाम एवं भक्तिभाव से भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव मनाया गया। दुर्गा मंदिर परिसर में ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम जी की पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई।

पूजा अर्चना के बाद हवन पूजन एवं प्रसाद वितरण के साथ भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम की पूर्णाहुति की गई। इसके साथ ही भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर पूजा अर्चना के बाद ब्राह्मण समाज ने भगवान परशुराम के नाम पर चौक निर्माण की मांग करते हुए सीएमओ नगर पंचायत ओमप्रकाश शर्मा को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में ब्राह्मण समाज ने बिजली ऑफिस चौक को भगवान परशुराम चौक बनाने की मांग की। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष केपी त्रिपाठी, सचिव उदयनाथ ओझा, सुशील मिश्रा, नागेश्वर तिवारी, ओमप्रकाश तिवारी, रोहिताश शर्मा, इंद्रदेव दुबे, कमलेश त्रिपाठी, धर्मेंद्र शर्मा, हेमनाथ शुक्ला, धीरज त्रिपाठी, पंकज दुबे समेत ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।



## स्वास्थ्य मंत्री ने किया जीडी गोयनका हेल्थ केयर एकेडमी का उद्घाटन

**अंबिकापुर।** संकल्प हॉस्पिटल अंबिकापुर के बैनर तले शहर में स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में एक नई शुरुआत के रूप में जीडी गोयनका हेल्थकेयर एकेडमी का भव्य उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सांसद चिंतामणि महाराज, प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शामिल हुए और उन्होंने फीता काटकर एकेडमी का शुभारंभ किया। इस दौरान संस्था के संस्थापक डॉ. लता गोयल, डॉ. संजय गोयल ने बताया कि जीडी गोयनका हेल्थकेयर एकेडमी अंबिकापुर में विश्व स्तरीय शिक्षा एवं प्रशिक्षण लैब स्थापित की गई है जिसमें बच्चों को रोज प्रशिक्षित एक्सपर्ट शिक्षकों द्वारा पढ़ाया जाएगा। अकादमी में पैरामेडिकल कोर्स एवं हेल्थ केयर मैनेजमेंट कोर्स की शुरुआत की जा रही है जिसका संचालन जीडी गोयनका यूनिवर्सिटी गुरुग्राम द्वारा किया जाएगा। विद्यार्थियों की पढ़ाई एवं परीक्षा गुरुग्राम के यूनिवर्सिटी के द्वारा संचालित की जाएगी एवं उच्चतम सुविधाओं के साथ उन्हें स्वास्थ्य के क्षेत्र में अस्पताल में काम करने के लिए अनुकूल बनाया जाएगा। जीडी गोयनका हेल्थकेयर एकेडमी अंबिकापुर का लक्ष्य स्थानीय और आसपास के क्षेत्रों के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य शिक्षा और व्यावसायिक कौशल प्रदान कर सशक्त बनाना है। यह एकेडमी अंबिकापुर को हेल्थकेयर एजुकेशन के क्षेत्र में एक नई पहचान देने की दिशा में एक अहम कदम है। इस दौरान विधायक राजेश अग्रवाल, लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज, गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया सहित अन्य मौजूद थे।

**हेल्थ/बिजनेस प्लस**






## सरगुजा संभाग में पहली बार एक्वा वर्ल्ड वाटर पार्क की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लुण्ड्रा रोड स्थित बटवाही में सरगुजा संभाग में पहली बार एक्वा वर्ल्ड वाटर पार्क जल्द ही शुभारंभ होने जा रहा है अम्बिकापुर के निकट स्थित एक्वा वर्ल्ड इस गर्मी में शहरवासियों और आसपास के पर्यटकों के बीच अभी से काफी लोकप्रिय हो रहा है।

जिसका लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यहां पर्यटकों के लिए आधुनिक डिजाइन और शानदार थीम पर आधारित जलक्रीडा सुविधाएं उपलब्ध होगी। इस संदर्भ में मार्केटिंग हेड उत्कर्ष किरण एवं ऑपरेशनल मैनेजर संजय सर ने बताया कि डॉ. गौरव नारायण अग्रवाल की दूरदृष्टि के परिणाम स्वरूप यह सौगात सरगुजा संभाग को मिला है जिसमें क्षेत्र के लोगों को रोजगार का सुनहरा अवसर प्राप्त होगा साथ ही भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए अम्बिकापुर शहर एवं आसपास के इलाकों के लोग बड़ी उत्सुकता से इसका इंतजार कर रहे है, जिसमें पर्यटकों को विशाल वेवपूल और मल्टी लेन वाटर स्लाइड, रेन डांस फ्लोर पर डीजे के धुन पर थिरकने का मौका मिलेगा। बच्चों के लिए अलग किड्स जोन और स्लाइड्स, सरप्लस और फोटोजेनिक उत्कृष्टता और फूड कोर्ड में विभिन्न प्रकार के व्यंजन उपलब्ध होंगी।

वाटर पार्क के सौंदर्यीकरण को अंतिम रूप दिया जा रहा है, एक्वा वर्ल्ड वाटर पार्क के अग्रीम बुकिंग हेतु मार्केटिंग हेड उत्कर्ष किरण से इस नंबर 9308498444 पर संपर्क किया जा सकता है।

# मवेशी तस्करी करते आरोपी गिरफ्तार, पिकअप और कार जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

पुलिस ने मवेशी तस्करी के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही पुलिस ने आरोपी से छह रास बैल जब्त किया है।

कोतवाली पुलिस के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि पशु तस्करों द्वारा सूरजपुर जिले के प्रतापपुर क्षेत्र से पिकअप में मवेशियों की तस्करी की जा रही है। सूचना के बाद मुखबिर से मिली सूचना के बाद पुलिस द्वारा क्षेत्र में नाकाबंदी कर पेट्रोलिंग की जा रही थी। इस दौरान एक कार थाने के सामने लगे नाका प्वाइंट को टक्कर मारकर भागने लगी जिसका पुलिस द्वारा पीछा किया गया। इसी दौरान कार के पीछे एक पिकअप वाहन भी आ रहा था जो भागने लगा। पीछा करने के दौरान पुलिस से बचने के लिए पिकअप वाहन के चालक ने दलधोवा चौक से ग्राम तरखाखाड़ ककी ओर महुआ जंगल में वाहन को छोड़कर भाग निकला। इस दौरान पुलिस ने पिकअप से 6 रास बैल को बरामद किया। इसके साथ ही पुलिस ने कार चालक झारखण्ड के गढ़वा अंतर्गत रंका खपरा निवासी 25 वर्षीय समसेर आलम आ. मुस्ताक अंसारी को हिरासत में लिया गया।





# प्रभास की 'बाहुबली' सिनेमाघरों में फिर हो रही री-रिलीज...

**मुंबई।** अभिनेता प्रभास की 'बाहुबलीः द बिगिनिंग' हिंदी सिनेमा की कालजयी फिल्मों में से एक है। एसएस राजामौली के निर्देशन में बनी यह फिल्म 10 जुलाई, 2015 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसने बॉक्स ऑफिस पर खूब नोट छापे। अब लगभग 10 साल बाद 'बाहुबली' एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। यह फिल्म अक्टूबर, 2025 में सिनेमाघरों में दोबारा दस्तक देगी। निर्माताओं ने खुद इसकी पुष्टि की है। 'बाहुबली' को इस साल अक्टूबर में एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। निर्माताओं ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, 'बाहुबली बड़े पर्दे पर वापस आ रहा है।

लाइफ Style



# तृप्ति माधुरी के साथ फिर करेंगी काम

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी एक बार फिर माधुरी दीक्षित के साथ फिर काम करती नजर आ सकती है। माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी ने अनीस बज्मी की फिल्म भूल भुलैया 3 में स्क्रीन स्पेस शेयर किया है। भूल भुलैया 3 के बाद तृप्ति और माधुरी एक कॉमेडी ड्रामा में फिर से साथ काम करने के लिए तैयार हैं। माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी विक्रम मल्होत्रा के प्रोडक्शन बैनर अबुंदंतिया एंटरटेनमेंट के लिए एक कॉमेडी ड्रामा में स्क्रीन स्पेस शेयर करेंगी, जिसका नाम फिलहाल मां बहन बताया जा रहा है। यह एक नेटफ्लिक्स ओरिजिनल है और अगले महीने मुंबई में फ्लोर पर जाएगी।

इस फिल्म का निर्देशन सुरेश त्रिवेणी कर रहे हैं, जिन्हें तुम्हारी सुलु और जलसा जैसी फिल्मों के निर्देशन के लिए जाना जाता है। यह फिल्म एक कॉमेडी-ड्रामा है, जो तीन किरदार पर आधारित है। इस फिल्म की सबसे खास बात है इसकी कहानी, जो एक मां और बेटी के रिश्ते को लेकर है। माधुरी जहां मां के किरदार में होंगी, वहीं तृप्ति उनकी बेटी का रोल निभाएंगी।दोनों के बीच की नोक-झोंक, प्यार, तकरार और समझदारी इस फिल्म की जान होगी। चर्चा है कि इस फिल्म में रवि किशन और कॉमेडियन धारणा दुर्गा की भी अहम भूमिका होगी।

खास बात है इसकी कहानी, जो एक मां और बेटी के रिश्ते को लेकर है। माधुरी जहां मां के किरदार में होंगी, वहीं तृप्ति उनकी बेटी का रोल निभाएंगी।दोनों के बीच की नोक-झोंक, प्यार, तकरार और समझदारी इस फिल्म की जान होगी। चर्चा है कि इस फिल्म में रवि किशन और कॉमेडियन धारणा दुर्गा की भी अहम भूमिका होगी।

## हॉलीवुड मसाला



# अरबपति सिंगर ने बसाया अपना गांव

**नई दिल्ली।** ब्रिटिश पॉप सिंगर एड शीरन की पॉपुलैरिटी किसी से छिपी नहीं है। उनका हर गाना चार्टबस्टर साबित होता है। उनकी एक झलक पाने के लिए लोगों की लंबी-लंबी लाइनें लग जाती है। हालांकि इस समय वो अपने गाने नहीं बल्कि खुद का अलग गांव बसाने को लेकर चर्चा में हैं। हालांकि उन्होंने ये माना है कि ये 'अजीब' है लेकिन वो अपने परिवार को प्राइवेसी देना चाहते थे। दरअसल पॉप स्टार ने इंग्लैंड के सफोक में अपने घर के आस-पास की जमीन और दूसरे घरों को खरीदने में काफी पैसे खर्च किए हैं ताकि वो बड़ा एस्टेट बना सके।



# 'सिनर्स' थिएट्रिकल सिनेमा के लिए बनी गुड न्यूज...

**लॉस एंजिल्स।** माइकल बी. जॉर्डन स्टारर फिल्म 'सिनर्स' दुनिया भर के थिएटर्स में जमकर भीड़ जुटा रही है। 18 अप्रैल को थिएटर्स में रिलीज हुई इस फिल्म को डायरेक्टर रायन कूगलर ने डायरेक्ट किया है, जो इससे पहले 'ब्लैक पैंथर' फ्रैंचाइजी और 'क्रीड' जैसी फिल्में डायरेक्ट कर चुके हैं। अब उनकी नई फिल्म 'सिनर्स' ने बॉक्स ऑफिस पर ऐसा कमाल किया है जिसने दुनिया भर के फिल्म बिजनेस एक्सपर्ट्स को सरप्राइज कर दिया है।बी. जॉर्डन की फिल्म हॉरर फिल्म की कैटेगरी में आती है और ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर ये कैटेगरी बहुत बड़े बॉक्स ऑफिस कलेक्शन नहीं जुटाती है। मगर हॉरर फिल्म होने के बावजूद 'सिनर्स' ने पहले वीकेंड में यूएस बॉक्स ऑफिस पर 48 मिलियन डॉलर का कलेक्शन किया था। संडे की कमाई के साथ 'सिनर्स' का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 10 दिन में 161 मिलियन डॉलर्स से ज्यादा हो चुका है।



# 'तन्वी द ग्रेट' की हीरोइन बनेंगी शुभांगी...

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर काफी समय से अपनी आगामी फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं।यह फिल्म इसलिए खास है, क्योंकि साल 2002 में आई फिल्म 'ओम जय जगदीश' के बाद यह अनुपम के निर्देशन में बन रही दूसरी फिल्म है। अनुपम ने न केवल फिल्म के निर्देशन की कमान संभाली है, बल्कि वह इसमें अभिनय भी करते नजर आएंगे। अब 'तन्वी द ग्रेट' की हीरोइन के नाम का खुलासा हो गया है। 'तन्वी द ग्रेट' की हीरोइन का नाम शुभांगी है। अभिनेत्री काजोल ने एक विशेष कार्यक्रम के दौरान शुभांगी पेश किया गया। टीजर में सिर्फ म्यूजिक के साथ तन्वी के लुक को पेश किया गया, जो काफी भावुक है। शुभांगी को अनुपम के प्रसिद्ध एक्टिंग स्कूल 'एक्टर प्रिपेयर' से चुना गया है।



# 'धमाल-4' का क्लाइमेक्स मुंबई में होगा शूट

**मुंबई।** अभिनेता अजय देवगन आने वाले समय में एक से बढ़कर एक फिल्मों में नजर आएंगे। सुपरहिट कॉमेडी फ्रैंचाइजी 'धमाल' की चौथी किस्त 'धमाल 4' भी इन्हीं में से एक है। इस फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग अपने अंतिम चरण पर है। अब 'धमाल 4' के क्लाइमेक्स से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी सामने आ रही है। आइए जानें फिल्म का क्लाइमेक्स कब-कहां शूट किया जाएगा और इसमें अजय के साथ कौन-कौन शामिल होगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, 'धमाल 4' का आखिरी शेड्यूल 15 मई से मुंबई में शुरू होगा, जहां जंगल थीम वाला एक बड़ा सेट बनाया जा रहा है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि यह शेड्यूल जून के आखिर तक पूरा हो जाएगा और इसके बाद पोस्ट-प्रोडक्शन का काम शुरू होगा।

## टीवी मसाला

# कभी जूते किए पॉलिश, बेची चाय, सब्जियों के लगाए ठेले!

**नई दिल्ली।** आज के दौर में जितने अमीर हीरो- हीरोइन हैं, उतने ही स्टैंड-अप कॉमेडियन भी होते जा रहे हैं। कपिल शर्मा और भारती सिंह को ही ले लीजिए तो वे स्टार्स से कम नहीं हैं। अपनी हंसी मजाक के जरिए ही वे करोड़ों छाप रहे हैं। बहरहाल, यहां हम एक ऐसे कॉमेडियन के बारे में बात कर रहे हैं जिसने गरीबी से उठकर अमीर बनने में लंबा संघर्ष किया है। यहां तक कि सब्जी भी बेची है और जूते भी बनाए हैं, लेकिन आज वो लग्जरी लाइफ जी रहा है।



***चाय की दुकानों में किया काम, आज है ऐश-ओ- आराम :*** जिसके बारे में हम यहां बात कर रहे हैं वो हैं सुदेश लहरी, जो कि एक भारतीय स्टैंड-अप कॉमेडियन हैं। वे टेलीविजन कॉमेडी कार्यक्रमों में दिखाई दिए हैं और स्टेज शो में प्रदर्शन किया है। सुदेश लहरी की गरीबी से अमीरी तक की कहानी एक हर किसी के लिए प्रेरणादायी है। अभिनेता-कॉमेडियन, जो कभी चाय की दुकानों, कारखानों में काम करते थे और आजीविका के लिए जूते बनाते थे। अब मुंबई में एक आलीशान अपार्टमेंट के मालिक हैं। उनकी संपत्ति में तीन बेडरूम, एक बड़ा डाइनिंग रूम, एक मॉड्यूलर किचन, एक निजी स्टूडियो, होम थिएटर और साथ ही एक बड़ा लिविंग रूम शामिल है।

### ऐसा था लहरी का बचन

इससे पहले, अर्चना पूरन सिंह के व्लॉग पर दिखाई देते हुए, सुदेश ने एक समय को याद किया था जब उन्हें अपना घर बेचना पड़ा था। बचपन को याद करते हुए सुदेश कहते हैं, 'मैंने बचपन में बहुत मेहनत की है। मैंने गरीबी देखी है। मैंने छोटी-छोटी दुकानों में काम किया है, चाय बनाई है, कई फैक्ट्रियों में काम किया है, जूते बनाए हैं। सब्जियां बेची हैं। अमीरों को झूठ नहीं बोलना पड़ता, लेकिन गरीब होने के कारण हमें अक्सर साहूकारों से पैसे मांगने पर झूठ बोलना पड़ता है। यह सब मेरे लिए एक्टिंग कोर्स की तरह काम करता है।

### परिवार ने खुद डिजाइन किया सुदेश का घर

सुदेश लहरी ने हाल ही में पिंकविला को अपने घर का दौरा कराया, जहां उन्होंने कहा कि उन्होंने और उनके परिवार ने खुद ही घर को डिजाइन किया है। अभिनेता ने मजाक में कहा, 'हमने इंटीरियर डिजाइनर को नहीं रखा, क्योंकि वे महंगे हैं। हंसते हुए उन्होंने कहा कि वो फैंस को मुंबई के शानदार नजारों की एक झलक दिखाकर अपनी 'अमीरी' दिखाना चाहते हैं, जिसका वो अपने घर से आनंद ले सकते हैं। सुदेश लहरी ने अपने घर के दौरे की शुरुआत अपने लिविंग रूम से की, जिसे हाथ से चुने गए फर्नीचर और वॉलपेपर से सजाया गया है। उसके बाद अपना खुद का बेडरूम दिखाया, जहां उन्होंने एक खास चाय कॉर्नर भी बनवाया है। आपको बता दें कि सुदेश के घर के अंदर एक स्टूडियो भी है, जहां वे अपना संगीत रिकॉर्ड करते हैं. दौरे के दौरान, उन्होंने यह भी बताया कि वे घड़ियों के शौकीन हैं।

### द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज सीजन 8 से मिली लोकप्रियता

बता दें कि सुदेश करीब दो दशक से इंडस्ट्री में बतौर कॉमेडियन और एक्टर सक्रिय हैं। हालांकि, द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज सीजन 8 में हिस्सा लेने के बाद वे मशहूर हुए। वो कपिल शर्मा के कॉमेडी शो समेत कई अन्य कार्यक्रमों में भी नजर आते हैं।

# सबसे कमाऊ फिल्म के एटली थे निर्देशक

## 'मर्सेल' है सामंथा की सबसे कमाऊ फिल्म

**मुंबई।** सामंथा रुथ प्रभु की गिनती उन अभिनेत्रियों में की जाती है, जिन्होंने बॉलीवुड डेब्यू से पहले हिंदी पट्टी के दर्शकों के बीच खास पहचान हासिल कर ली है। 28 अप्रैल को सामंथा अपना जन्मदिन मनाया। उन्होंने 'द फैमिली मैन 2' से हिंदी दर्शकों के बीच पहचान बनाई। 'पुष्पा' के गाने 'ऊ अंतावां' ने भी उन्हें खूब शोहरत दिलाई। सामंथा ने कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया है, लेकिन क्या आप उनकी सबसे कमाऊ फिल्म का नाम जानते हैं? सामंथा की सबसे कमाऊ फिल्म का नाम 'मर्सेल' है, जो साल 2017 में रिलीज हुई थी। इसका निर्देशन शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' के निर्देशक एटली ने किया था। सामंथा के साथ इस फिल्म में थलापति विजय, एस जे सूर्या और नित्या मेनन जैसे कलाकारों ने अभिनय किया था। 120 करोड़ रुपये की लागत में बनी फिल्म 'मर्सेल' ने बॉक्स ऑफिस पर 257 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।यह फिल्म जी5, नेटफ्लिक्स और जियो हॉटस्टार पर उपलब्ध है।



### कुछ ऐसा रहा सामंथा का करियर

सामंथा ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत साल 2010 में आई तेलुगू फिल्म 'ये माया चेसावे' के जरिए की थी, जिसमें वह अपने पूर्व पति और अभिनेता नागा चैतन्य के साथ नजर आई थीं। इसके बाद सामंथा ने 'बाण काठडी', 'मॉस्कोइन कावेरी', 'बृंदावनम', 'ऑटोनगर सूर्या', 'यशोदा' और 'सीथम्मा वाकिटलो सिरिमल्ले चेट्टू' जैसी फिल्मों में काम किया। पिछली बार सामंथा फिल्म 'कुशी' (2023) में नजर आई थीं। अभिनेत्री की आने वाली फिल्मों में 'शुभम' और 'मां इंति बंगाराम' शामिल हैं।

# दो बार एक ही नाम से बनीं फिल्में आखिरी वाली ने तो कमाल ही कर दिया

*मुंबई। इन दिनों सैफ अली खान फिल्म 'ज्वेल थीफ' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में सैफ के साथ अभिनेता जयदीप अहलावत नजर आ रहे हैं। इस नाम से पहले भी फिल्म बन चुकी है, जिसमें देव आनंद नजर आए थे और यह फिल्म साल 1967 में रिलीज हुई थी। एक ही नाम से 2 फिल्में बनाने का चलन बॉलीवुड में लंबे समय से चला आ रहा है। आइए आज ऐसी ही कुछ चर्चित फिल्मों के बारे में जानें।*



***'दिलवाले'*** : साल 1994 में आई फिल्म 'दिलवाले' में अजय देवगन, सुनील शेट्टी और रवीना टंडन नजर आए थे। इस फिल्म में पहले दिव्या भारती को लिया गया था, लेकिन अचानक हुई उनकी मौत के बाद इसमें रवीना को साइन किया गया। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त हिट रही थी। बाद में इसी नाम से रोहित शेट्टी फिल्म लेकर आए, जिसमें शाहरुख खान, काजोल, वरुण धवन और कृति सैनन ने मुख्य भूमिका निभाई। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर औसत प्रदर्शन किया था।



***'बागी'*** : सलमान खान साल 1990 में फिल्म 'बागी' लेकर आए थे, जिसमें उनके साथ नगमा ने लीड रोल किया था। पिता सलीम खान के नक्शे कदम पर चलते हुए सलमान ने 'बागी' से बतौर स्क्रिप्ट राइटर शुरुआत कर दी थी। फिल्म लेखक जावेद सिद्दिकी के साथ मिलकर सलमान ने 'बागी' की पटकथा का जिम्मा संभाला था और बतौर लेखक अभिनेता की पहली कोशिश सफल रही थी। उधर साल 2016 में टाइगर श्रॉफ 'बागी' लेकर आए, जो बॉक्स ऑफिस पर हिट रही।



***'दोस्ताना'*** : 'दोस्ताना' नाम की फिल्म ने अलग-अलग दशक में दोस्ती और प्यार की कहानी को अलग ढंग से बयां किया। साल 1980 में राज खोसला की 'दोस्ताना' एक गंभीर एक्शन-ड्रामा थी, जिसमें अमिताभ बच्चन और शत्रुघ्न सिन्हा ने 2 दोस्तों की भूमिका निभाई थी। यह फिल्म सुपरहिट थी। दूसरी ओर 2008 में आई 'दोस्ताना' एक हल्की-फुल्की रोमांटिक कॉमेडी थी, जिसमें अभिषेक बच्चन और जॉन अब्राहम मुख्य भूमिका में थे। ये फिल्म भी बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी।

## खौफ, कॉमेडी और एक्शन से भरपूर 'द भूतनी' का ट्रेलर दर्शकों को आया बेहद पसंद

# बॉक्स ऑफिस पर मई में होगा महामुकाबला, अजय और संजय से शुरू होगी जंग

***मुंबई।*** *जहां अप्रैल में कई बॉलीवुड और दक्षिण भारतीय फिल्मों से सिनेमाघर गुलजार रहे, वहीं मई का महीना भी सिनेप्रेमियों के लिए बेहद खास रहने वाला है, क्योंकि कई चर्चित फिल्में सिनेमाघरों का रुख करने के लिए तैयार हैं। ये वो फिल्में हैं, जिनमें दर्शकों को एक्शन से लेकर, रोमांस, रोमांस, कॉमेडी और खूब ड्रामा देखने को मिलेगा। कई सितारों की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर आमने-सामने होंगी। आइए नजर डालें मई में आने वाली चर्चित फिल्मों पर।*

**'रेड 2'**: शुरुआत करते हैं 'रेड 2' से, जिसके हीरो हैं अजय देवगन और विलेन हैं रितेश देशमुख। फिल्म में इस बार अजय की पत्नी का किरदार अभिनेत्री वाणी कपूर ने निभाया है, जबकि 'रेड' में इलियाना डिक्रूज इस भूमिका में नजर आई थीं। 'रेड' पर दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों ने भी खूब प्यार लुटाया था। ऐसे में 'रेड 2' से न सिर्फ अजय, बल्कि उनके प्रशंसकों को भी बड़ी उम्मीदें हैं। यह फिल्म 1 मई को सिनेमाघरों का रुख करेगी।




**'द भूतनी'** : एक ओर जहां अजय 1 मई को 'रेड 2' लेकर आ रहे हैं, वहीं संजय दत्त इसी दिन अपनी हॉरर कॉमेडी फिल्म 'द भूतनी' के साथ सिनेमाघरों में आएंगे। इसमें मौनी रॉय, श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी और सनी सिंह भी दर्शकों का मनोरंजन करते दिखेंगे। खौफ, कॉमेडी और एक्शन से भरपूर इस फिल्म का ट्रेलर दर्शकों को बेहद पसंद आया। अब देखना ये है कि 'रेड 2' और 'द भूतनी' में बॉक्स ऑफिस पर बाजी कौन मारती है।





### ये फिल्में भी होंगी आमने-सामने

16 मई को सुनील शेट्टी 'केसरी वीर' ला रहे हैं, उसी दिन पुलकित सम्राट की 'सुस्वागतम खुशामदीद' रिलीज हो रही है। उधर 30 मई को सोनाक्षी सिन्हा और परेश रावल की फिल्म 'निकिता रॉय' और साउथ के स्टार विजय देवरकोंडा की 'किंगडम' पर्दे पर आएगी।

**'हरि हर वीरा मल्लू'** : सुपरस्टार पवन कल्याण की फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू' को लेकर भी दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। यह यूं तो तमिल भाषा की फिल्म है, लेकिन फिल्म पवन कल्याण की है, जिनकी फैन फॉलोइंग जबरदस्त है, वहीं बॉबी देओल भी इस फिल्म में हैं। फिल्म में बॉबी का एक खूंखार अवतार देखने को मिलेगा, वहीं पवन आमजन के लिए लड़ते दिखेंगे। इसका सामना 9 मई को बॉक्स ऑफिस पर 'भूल चूक माफ' से होगा।



**'भूल चूक माफ'** : अभिनेता राजकुमार राव पिछले काफी समय से अपनी आगामी फिल्म 'भूल चूक माफ' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म में उनकी जोड़ी अभिनेत्री वामिका गब्बी के साथ बनी है। यह पहला मौका है, जब राजकुमार और वामिका किसी फिल्म में रोमांस करते नजर आएंगे। 'स्त्री' फ्रैंचाइजी वाले दिनेश विजान ने इस फिल्म पर पैसे लगाए हैं। सीमा पहवा भी फिल्म का हिस्सा हैं। 'भूल चूक माफ' 9 मई को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाएगी।



## खबर संक्षेप



### राज्यमंत्री ने किया हिंदू नववर्ष कैलेंडर का विमोचन

**बिजुरी।** मध्यप्रदेश शासन के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल के निज निवास में बिजुरी मंडल के यशस्वी ऊर्जावान मंडल अध्यक्ष रविंद्र रिंकू शर्मा के नेतृत्व में मंडल के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों के साथ मार्गदर्शन प्राप्त किए। इसमें मंडल अध्यक्ष सहित पदाधिकारियों को अंगवस्त्र पहनाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इस दौरान श्री जायसवाल ने अपने उद्बोधन में सबसे पहले पहलगांव में हुए आतंकी हमले के लिए शोक व्यक्त किए और भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा एवं पदाधिकारियों के नैतिक कर्तव्यों को याद दिलाते हुए हिंदू नववर्ष कैलेंडर का विमोचन किया। श्री जायसवाल ने मंडल पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि मंडल के पदाधिकारियों को बूथ स्तर में प्रभारी बनाते हुए बूथ सदस्यों सहित सभी मोर्चे के पदाधिकारियों की बूथ स्तर पर टीम बनाते हुए संगठन को मजबूत करने का कार्य किया जाए।

### बाल विवाह निषेध अभियान धर्मगुरुओं ने दिया समर्थन



**चरचा कॉलरी।** जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा और बाल विवाह की रोकथाम के लिए कार्यरत संगठन जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के सहयोगी संगठन हार्ड हॉलिस्टिक एक्शनसी रिसर्च एंड डेवलपमेंट द्वारा 29 अप्रैल को एक पत्रकार वार्ता और धर्मगुरुओं के साथ सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से धर्मेन्द्र सिंह, शंकर देवांगन, रमाकांत देवांगन, ब्राह्मण समाज से बद्री प्रसाद पांडे, चेरवा समाज से विष्णु बैगा, मुस्लिम समाज से मोहम्मद रहीस खान और जुम्मन खान, पनिका समाज से अजय बघेल, गोंड समाज से सुनील सिंह उपस्थित रहे। साथ ही हार्ड संस्था की ओर से जिला समन्वयक गौरी शंकर सिंह, पुष्पा सिंह, मंतोष पाल, कृष्ण कुमार सिंह, नरेश कुमार एवं कृष्णा सिंह भी मौजूद रहे। संगठन के निदेशक ने बताया कि अक्षय तृतीया और शादी-विवाह के मौसम को ध्यान में रखते हुए विभिन्न धर्मों के विवाह संपन्न कराने वाले पुरोहितों को जागरूक करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि कोई भी बाल विवाह किसी पुरोहित, मौलवी या पादरी के बिना संपन्न नहीं हो सकता, इसलिए इन्हीं के माध्यम से जन-जागरूकता बढ़ाई जा रही है। धर्मगुरुओं ने बाल विवाह के विरुद्ध इस अभियान को सराहते हुए पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। संगठन ने विश्वास जताया कि कोरिया जिले में सभी के सहयोग से बाल विवाह पर प्रभावी रोक संभव है।

न्यायालयः - प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया, छ.ग.
// ज्ञापन //
प्रोसेस क्रमांक - 102/2025
आदेश दिनांक - 26/03/2025
पेशी दिनांक - 09/06/2025
उत्तराधिकार प्रकरण क्रमांक/रजिस्ट्रेशन क्रमांक /20

शंकर प्रसाद सोनी आत्मज स्व. लक्ष्मीनारायण सोनी लगभग आयु 66 वर्ष जाति सोनार, पेशा कृषि निवासी ग्राम नौढ़िया आबाद (जियावन) पो. जियावन तहसील तहसील देवसर जिला-सिंगरौली (म.प्र.) ........ आवेदक

प्रति, 1. छ.ग. राज्य ग्रामीण बैंक द्वारा शाखा प्रबंधक छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक 2. सर्वसाधारण ..अनावेदकगण

बनामः-

आवेदक ने अनावेदकगण के विरूद्ध अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम वास्ते मृतक स्व. हीरालाल के नाम पर अनावेदक क्रमांक 01 की शाखा में जमा राशि को मय ब्याज प्राप्त करने के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है और आवेदन पत्र की सुनवाई पेशी तारीख 09.06.2025 को दिन के ठीक 11:00 बजे होगी।

अतः आपको ताकिद सूचनार्थ करते हैं कि आपको मुतलफिक की जायदाद में हक हासिल हो तो ऐसा दावा रखते है कि आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उक्त तारीख को हक के कैफियत के साथ हाजिर हो। फिर भी आप उक्त दिनांक को हाजिर नहीं हुये तो उस आवेदन की सुनवाई आपकी गैर हाजिरी में की जावेगी। यदि उक्त तारीख को न्यायालय अवकाश रहता है तो अगले न्यायालयीन कार्य दिवस पर आवेदन की सुनवाई की जावेगी।

(साक्षी दीक्षित)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया, छ.ग.

## सेजेस महलपारा का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित, विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मिला मैडल और प्रशस्ति पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर


प्राचार्य व एसएमडीसी के अध्यक्ष व सदस्यों के हाथों सम्मानित होते विद्यार्थी ।

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम विद्यालय महलपारा में बुधवार 30 अप्रैल को वर्ष 2024-25 के वार्षिक परीक्षा परिणामों की विधिवत घोषणा की गई। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से एमआईएस विनय मोहन भट्ट, स्कूल प्रबंधन एवं विकास समिति (एसएमडीसी) के अध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा, उपाध्यक्ष प्रशांत सिंह सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

विद्यालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को रिपोर्ट कार्ड के साथ प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। परिणामों में विद्यार्थियों का प्रदर्शन बेहद शानदार रहा। अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक खंड में- कक्षा पहली में आकृति सिंह ने 99.66 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर आस्था राजवाड़े और आश्री सिंह 99 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान पर आएशा फातिमा 98.66 प्रतिशत रहीं। कक्षा दूसरी में आरूषी साहू ने 98.60 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, एकाक्षर गौतम ने 98.46 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं आशमी एक्का ने 98.40 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। तीसरी कक्षा में तुलसी राजवाड़े 98.70 प्रतिशत, विजय लक्ष्मी 98.50 प्रतिशत एवं शिवांश दुबे 98.20 प्रतिशत क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा चौथी में तेजस्विनी सिंह 99.50 प्रतिशत, पी. रूपा 99 प्रतिशत और आरूषी कश्यप 98.70 प्रतिशत अव्वल रहीं। हिंदी माध्यम प्राथमिक खंड में कक्षा पहली में राधिका बारगाह ने 91 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा दूसरी में आशिफ रजा 89 प्रतिशत, जाहिद 88 प्रतिशत और सरताज अली 72 प्रतिशत क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा तीसरी में आंचल राजवाड़े व आन्या सोनी 87 प्रतिशत ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा चौथी में मनीषा 89 प्रतिशत, खिलेश कुमार दुबे 87 प्रतिशत और नित्या सिंह व दिव्यांश राजवाड़े 84 प्रतिशत शीर्ष पर रहे। अंग्रेजी माध्यम उच्च कक्षाओं में कक्षा छठवीं में सपना राजवाड़े 94.63 प्रतिशत, अर्श लकड़ा 89.13 प्रतिशत व सुहाना पांडेय 89.3 प्रतिशत क्रमशः शीर्ष तीन पर रहे। कक्षा सातवीं में विष्णु सोनी 90.10 प्रतिशत, अनिका सिंह 88.90 प्रतिशत और ईशा 87.6 प्रतिशत सफल रहीं। कक्षा नवमी में अंशिका कश्यप 95.6 प्रतिशत, मुस्कान वर्मा 93.5 प्रतिशत और निहारिका राजवाड़े 91.10 प्रतिशत अव्वल रहीं। कक्षा ग्यारहवीं में उन्नति जायसवाल (जीव विज्ञान 89.4 प्रतिशत), अंकिता सिंह (वाणिज्य 88.2 प्रतिशत) और मीनाक्षी साहू (जीव विज्ञान 86.8 प्रतिशत) ने टॉप किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एमआईएस विनय मोहन भट्ट ने विद्यार्थियों से खाली समय का सदुपयोग करने एवं प्रतिदिन समाचार लेखन जैसे अभ्यास से स्वयं को निखारने की बात कही। उन्होंने आत्मविश्वास और मेहनत को सफलता की कुंजी बताया। एसएमडीसी अध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा ने कहा कि विद्यालय व शिक्षकगण बच्चों के उज्वल भविष्य के लिए निरंतर मेहनत कर रहे हैं। अभिभावकों से भी अपेक्षा है कि वे बच्चों को सकारात्मक माहौल प्रदान करें। विद्यालय के प्राचार्य अभय कुमार शर्मा ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों व अतिथियों का आभार जताया और परीक्षा परिणाम की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पार्षद ममता गायन, एसएमडीसी सदस्य सविता मिश्रा, संध्या सिंह, अनुपम सोनी, शेषमणि मिश्रा, शशिभूषण पाण्डेय सहित समस्त विद्यालयीन स्टाफ, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।



## अक्षय तृतीया पर मनाया गया भगवान परशुराम जन्मोत्सव

**मनेन्द्रगढ़।** अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर मनेन्द्रगढ़ के आमाखेरवा रोड स्थित श्री दुर्गा धाम में भगवान परशुराम जन्मोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पारंपरिक विधि से भगवान परशुराम जी के पूजा-अर्चना कर की गई। इसके पश्चात भजन संकीर्तन का आयोजन किया गया, इसमें श्रद्धालुओं ने भावपूर्वक भाग लेकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर उपस्थित भक्तों ने भगवान परशुराम के आदर्शों और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। आयोजन में युवाओं, बुजुर्गों और महिलाओं की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। समाज के लोगों ने इसे एकजुटता, संस्कृति और परंपरा के संरक्षण का पर्व बताया तथा आगे भी ऐसे आयोजनों को नियमित रूप से करने का संकल्प लिया। इस मौके पर विनोद तिवारी, रामचरित द्विवेदी, नरोत्तम शर्मा, पंकज तिवारी, संजय त्रिपाठी, भीमसेन सोनी, हरि प्रसाद तिवारी, गौतम शर्मा, श्रीचंद तिवारी, दुर्गा शंकर मिश्रा, अक्षय तिवारी, कृष्णा शर्मा, दिनेश द्विवेदी, राकेश शर्मा, विजय पाठक, अभिषेक शर्मा, गौरव तिवारी, श्रीमती संध्या तिवारी, श्रीमती सुमन पाठक, अंजू पाण्डेय, सुषमा त्रिपाठी, अंकिता तिवारी, उत्तरा तिवारी, दुर्गा समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के उपरांत पहलगाम हमले में शहीद भारत वासियों तथा समाज के वरिष्ठ अधिवक्ता स्व. विजय मिश्रा एवं समाज के युवा स्व. नीरज तिवारी को समाज के लोगों ने मौन रखकर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## श्रम दिवस पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आज



**चरचा कॉलरी।** श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य में 1 मई को श्रमवीर स्टेडियम चरचा कॉलरी में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन चरचा कॉलरी श्रमिक बृंद द्वारा किया जा रहा है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बैकुंठपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक बीएन झा होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में चरचा आरओ के सहक्षेत्र प्रबंधक जितेन्द्र कुमार उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाने के लिए कई राष्टीय स्तर के कवियों की उपस्थिति रहेगी। सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रमुख कवियों में राष्टपति द्वारा सम्मानित राधेश्याम मिश्र कानपुर, ओज कवि धर्मेश अविरल फरीदाबाद हरियाणा, हास्य-व्यंग्य कवि विनोद राजयोगी आगरा, दिनेश देहाती महाराष्ट, लक्ष्मण नेपाली नेपाल, दिनेश गुक्कज प्रतापगढ़, उत्तरप्रदेश, श्रृंगार कवयित्री लता शबनम बालाघाट, मध्यप्रदेश और हास्य गीत कवि अतुल उपाध्यक्ष सीधी मध्यप्रदेश शामिल हैं। मंच संचालन की जिम्मेदारी छग के चर्चित मंच संचालक नरेन्द्र मिश्र धड़कन को सौंपी गई है। कार्यक्रम की अध्यक्षता खान सुरक्षा अधिकारी एमआर मांडवी करेंगे। वहीं उपाध्यक्ष शब्बीर अली, सचिव इंद्रजीत पाल, सह सचिव विनोद दुबे एवं चंद्र पाल तथा कोषाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पांडेय की सक्रिय भूमिका रही है। उल्लेखनीय है कि चरचा कॉलरी क्षेत्र में फुटबॉल, वॉलीबॉल, क्रिकेट टूर्नामेंट सहित दुर्गा पूजा, काली पूजा और अन्य सांस्कृतिक आयोजनों के लिए एसईसीएल कर्मचारियों के एक दिन का वेतन संग्रहित कर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

### सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना आवश्यक

**पटना।** आईएलओ के स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यस्थल पर सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के लिये विश्व दिवस जो पूरी दुनिया में 28 अप्रैल को साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर झिलिमिली कॉलरी के खान प्रबंधक अभय गोविंदवार द्वारा झिलिमिली कॉलरी के प्रांगण के सामने ध्वजारोहण किया गया एवं कारपोरेट गीत समस्त कर्मचारियों द्वारा गाया गया तथा एसईसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक द्वारा दिए गए संदेश को सभी कर्मचारियों के मध्य पहुंचाया गया। सुरक्षा प्रति प्रतिज्ञा नए खान सुरक्षा अधिकारी संजय कुमार चौधरी द्वारा शपथ दिलाई गई। खान प्रबंधक ने अपने संदेश में सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहते हुए कार्य करे एवं उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त करने को कहा। कार्यक्रम में श्री शामल, श्री साहू, श्री गुप्ता, रूपेश एवं समस्त अधिकारी के साथ कार्यक्रम की व्यवस्था जेके राव, विजय कुमार यादव द्वारा अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक का संदेश पढ़कर सुनाया गया।



## ट्रेड यूनियन काउंसिल का वार्षिक श्रमिक सम्मेलन आज

**मनेन्द्रगढ़।** ट्रेड यूनियन काउंसिल छग के प्रदेश अध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव ने 29 अप्रैल को मनेन्द्रगढ़ रेस्ट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता के माध्यम से यह जानकारी दी कि संगठन का वार्षिक श्रमिक सम्मेलन आगामी 1 मई को मनेन्द्रगढ़ में आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में संपन्न होगा, इसमें प्रदेश के 25 से अधिक जिलों से प्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है।

**खास बात**
- प्रदेश अध्यक्ष ने ली प्रेसवार्ता, नेतृत्व परिवर्तन की भी घोषणा

पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने बताया कि संगठन की स्थापना वर्ष 1981 में वरिष्ठ अधिवक्ता जेपी श्रीवास्तव व उनके साथियों द्वारा की गई थी और अब यह 48 वर्ष पूर्ण कर चुका है। इस संगठन ने श्रमिक, कृषक और कर्मचारियों के हित में दैनिक वेतनभोगियों के नियमितीकरण, सरगुजा संभाग का गठन, रेल विस्तार आंदोलन, वनभूमि अधिकार और असंगठित मजदूर योजनाओं जैसे अनेक ऐतिहासिक संघर्ष किए हैं। सम्मेलन कार्यक्रम विवरण देते हुए एमसीबी कांग्रेस जिलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने बताया कि प्रथम सत्र 11:30 से 1 बजे तक श्रमिक मुद्दों पर प्रतिनिधियों की परिचर्चा होगी। द्वितीय सत्र 1:00 बजे के बाद खुला सत्र एवं प्रस्ताव पारित होगा। सम्मान समारोह में 11 श्रमिकों को श्रम श्री एवं एक वरिष्ठ नागरिक को वरिष्ठ नागरिक श्री सम्मान प्रदान किया जाएगा।



प्रेसवार्ता में विशेष रूप से पूर्व विधायक गुलाब कमरो, एमसीबी जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार केसरवानी, अधिवक्ता रामनरेश पटेल, हफीज मेमन, रफीक मेमन, मनोज शर्मा सहित संगठन के कई वरिष्ठ सदस्य मौजूद रहे।

## जिला पंचायत की प्रथम सामान्य सभा



**मनेन्द्रगढ़।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती यशवंती सिंह की अध्यक्षता तथा जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजेश साहू की उपस्थिति में जनपद पंचायत कार्यालय मनेन्द्रगढ़ के सभाकक्ष अमृत सदन में सामान्य सभा का आयोजन किया गया।

इसमें जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती यशवंती सिंह ने अपने संबोधन में जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने और आमजन के हितों को ध्यान में रखते हुए उन्होंने राज्य शासन की समस्त योजनाओं का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए कहा। उन्होंने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही को मिले, इस पर सभी अधिकारियों को विशेष रूप से प्राथमिकता देने की बात भी कहीं। बैठक में ग्रामीण अभियांत्रिकी सेवा विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, छग विद्युत मंडल विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, खाद्य विभाग, श्रम विभाग, क्रेडा विभाग, वन विभाग, आबकारी विभाग, पीएमजीएसवाई विभाग, आदिम जाति विकास विभागों से मूलभूत सुविधाओं को लेकर गहन चर्चा की गई।

## आवा पानी झोंकी अभियान बना जनआंदोलन

**बैकुण्ठपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप पानी बचाने के लिए चलाए जा रहे राज्य स्तरीय अभियान मोर गांव-मोर पानी के तर्ज पर जल संरक्षण की दिशा में कोरिया जिला प्रशासन द्वारा प्रारंभ किया गया नवाचार आवा पानी झोंकी अब जनभागीदारी का सशक्त प्रतीक बन चुका है।

- पीपल के नीचे लोटे से पानी डालकर दी गई भू-जल संवर्धन की प्रेरणा

हाल ही में ग्राम पंचायत जूनापारा में इस अभियान का आयोजन हुआ, जिसमें कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम में पीपल पेड़ के नीचे



मिट्टी का घेरा बनाकर एक-एक लोटा पानी डालने की क्रिया के माध्यम से जल संवर्धन का संदेश दिया गया। कलेक्टर ने कहा कि गिरता भू-जल स्तर एक गंभीर संकट है और हमें वर्षा जल को रोककर उसे जमीन में पहुंचाने के उपाय करने होंगे, जैसे वॉटर हार्वेस्टिंग और सोख्ता निर्माण। ग्रामीणों ने इस उपाय का सराहना करते हुए कहा कि गजब का मिसाल देखने को मिला। उन्होंने महिलाओं को जल संरक्षण में अहम भूमिका निभाने का आह्वान किया और युवाओं से कहा कि बेवजह बहते नलों को बंद करें और पानी का अपव्यय रोके। उन्होंने कहा कि नारी और पानी का सदियों पुराना रिश्ता है, इसलिए जल बचाने की जिम्मेदारी भी उनकी सहभागिता से पूरी होगी।

## श्री श्याम मंदिर का द्वितीय वार्षिकोत्सव कल



**मनेन्द्रगढ़।** श्री श्याम मंदिर मनेन्द्रगढ़ में आगामी 2 एवं 3 मई को मंदिर का द्वितीय वार्षिकोत्सव भव्य रूप से मनाया जाएगा। मंदिर समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार दो दिवसीय इस आयोजन में भक्ति, श्रद्धा और सांस्कृतिक समरसता से परिपूर्ण कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पहले दिन शुक्रवार 2 मई को प्रातः 10 बजे सुंदरकाण्ड पाठ और दोपहर 3 बजे मंगल पाठ का आयोजन होगा। दूसरे दिन शनिवार 3 मई को प्रातः 10 बजे श्री श्याम पाठ आरंभ होगा, इसके पश्चात दोपहर 12 बजे छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा। संध्या 4 बजे श्रीराम मंदिर से श्री श्याम मंदिर तक भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी। रात्रि 7 बजे आरती एवं भंडारा और इसके उपरांत रात्रि 8 बजे से भजन संध्या का आयोजन होगा। भजन संध्या में सौरभ मिश्रा (इंदौर) एवं कृष्नेहा (बिलासपुर) अपनी प्रस्तुति देंगे।

## महिला प्रीमियर लीग प्रतियोगिता का आयोजन



**मनेन्द्रगढ़।** क्षेत्र में अस्मिता सिटी इलेक्ट्रिक महिला प्रीमियर लीग (एसीआई एमपीएल) 2025 प्रतियोगिता का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन तथा जिला खेल अधिकारी वीरेन्द्र नामदेव के मार्गदर्शन में किया गया।

इस आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की महिला खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में मंच प्रदान करना और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाना रहा। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य रामजीत लकड़ा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सुरेन्द्र मरकाम जनपद सदस्य बुंदेली, सीता देवी जनपद सदस्य पाराडोल, हेमा रघुनाथ सरपंच बुंदेली, फूलमती सरपंच पाराडोल तथा देव कुमार सरपंच बंजी उपसिथत रहे। इस अस्मिता सिटी प्रीमियर लीग प्रतियोगिता में कुल चार टीमों ने भाग लिया। सभी टीमों के बीच हुए संघर्षपूर्ण मुकाबलों के बाद फाइनल में लघु केन्द्र बंजी और बेलकामार की टीमों ने प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला अत्यंत रोमांचक रहा, जिसमें दोनों टीमों ने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन किया। अंततः बेलकामार की टीम ने बेहतरीन रणनीति और दमदार प्रदर्शन के दम पर लघु केन्द्र बंजी को पराजित करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। फाइनल स्कोर में बेलकामार 43 और बंजी की 28 रहा। प्रतियोगिता में व्यक्तिगत प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। बेलकामार की कुमारी सुमन को उनके सर्वांगीण प्रदर्शन के लिए बेस्ट ऑलराउंडर का खिताब प्रदान किया गया। वहीं उनकी ही टीम की पिंकी को बेस्ट रेडर और लघु केन्द्र बंजी की प्रीति को बेस्ट डिफेंडर का पुरस्कार मिला।

आयोजन को सफल बनाने में ग्रामवासी बंजी, बंजी आश्रम की अधीक्षिका, बंजी के प्राचार्य आनंद, इंद्रजीत, रूपसिंह, निर्णायक राहुल, शिव चौधरी, यशवंत, व्यायाम शिक्षक केमेन्द्र साहू तथा शिक्षक गौरव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### सुशासन तिहार के तहत समस्याओं का समाधान

**बैकुण्ठपुर।** जिले में चल रहे सुशासन तिहार समस्या का त्वरित समाधान अभियान के तहत लोगों की शिकायतों का तेजी से समाधान किया जा रहा है। विगत दिनों महिला एवं बाल विकास विभाग को दो शिकायत पत्र प्राप्त हुए थे। दोनों मामलों में प्रशासन की तत्परता से लाभार्थियों को बड़ी राहत मिली है।

हरिभूमि
पाठकों के लिए माह अप्रैल 2025 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 10 दिन | 4.00 | 40.00 |
| 20 दिन | 5.00 | 100.00 |
| 30 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह अप्रैल 2025 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेन्ट बंधु को 5 मई 2025 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर




